कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

प्रेस- नोट, जनपद फतेहपुर

दिनांक 19.06.2026

थाना बिंदकी पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक-18.06.2026 को वादी श्री लक्ष्मी नारायन पुत्र स्व0 रामलखन निवासी जोनिंहा थाना बिंदीकी जनपद फतेहपुर द्वारा दी गई तहरीर बाबत कि दिनांक-16.06.2026 को प्रार्थी के घर के बाहर टीवीएस विक्की न0 UP71AY4855 काले रंग की खड़ी थी वादी जब दिनांक 17.06.2026 को सुबह सो कर उठा तो वादी की विक्की उक्त जगह पर नहीं थी । इस सूचना के आधार पर थाना बिंदकी पर मु0अ0स0 205/2026 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तारी का विवरण- उपरोक्त अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही, प्रभावी सुरागरसी-पतारसी आधार पर दिनांक 18.06.2026 को थाना बिंदकी पुलिस द्वारा जाफरगंज रोड पर स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प थाना क्षेत्र जाफरगंज जनपद फतेहपुर से अभियुक्त धर्मेंद्र सोनकर पुत्र स्वर्गीय मुन्ना सोनकर निवासी ग्राम जोनिहा थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर उम्र करीब 27 वर्ष को चोरी की गई मोटरसाइकिल के साथ जाफरगंज रोड पर स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प के पास थाना जाफरगंज से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी करते हुए चोरी की घटना में संलिप्त अभियुक्त को आज दिनांक 19.06.2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

पूछताछ का विवरण:- पूछताछ के दौरान अभियुक्त धर्मेंद्र सोनकर पुत्र स्वर्गीय मुन्ना सोनकर निवासी ग्राम जोनिहा थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर ने बताया कि वह आर्थिक तंगी के कारण गलत संगति में पड़कर चोरी जैसी घटनाएं करता है। दिनांक 16/17.06.2026 की रात्रि में लगभग 01:00 बजे वह अपने गांव में घूम रहा था। उसी दौरान उसने गांव निवासी लक्ष्मी नारायण के घर के बाहर खड़ी TVS विक्की मोटरसाइकिल संख्या UP71AY4855 को देखा। रात्रि का समय होने तथा आसपास कोई व्यक्ति मौजूद न होने के कारण अवसर पाकर उसने मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया और उसे अपने कब्जे में रख लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता:-

धर्मेंद्र सोनकर पुत्र स्वर्गीय मुन्ना सोनकर निवासी ग्राम जोनिहा थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर उम्र करीब 27 वर्ष

बरामदगी-

1. चोरी की गई TVS विक्की मोटरसाइकिल

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0स0 205/2026 धारा 303(2)/317(2) BNS थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर **(वर्तमान प्रकरण)**
2.मु0अ0स0 0121/2019 धारा 323/354क/504/506 IPC थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर
3.मु0अ0स0 132/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर
4.मु0अ0स0 0381/2019 धारा 354क IPC व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर
5.मु0अ0स0 0149/2023 धारा 323/504/506 IPC थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर
6.मु0अ0स0 0298/2024 धारा 121(1)/132/351(2)/352 BNS व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री सावन कुमार पटेल चौकी प्रभारी खजुहा थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर
2.का0 समीर कुमार
3.रि0का0 महेन्द्र यादव